# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / नामांकन–35 / 2025 / 8278 दिनांकः 20 सितम्बर, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः संस्थान में सत्र 2025–26 में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन एवं परीक्षा फार्म (बी0फार्म पाठ्यक्रम को छोड़कर) भरवाए जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि संस्थान में सत्र 2025–26 के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म एवं परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की ई0आर0पी0 के माध्यम से भराये जाने हैं। तत्क्रम में सत्र 2025–26 में काउंसलिंग एवं मैनेजमेंट कोटा सीटों पर प्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए नामांकन एवं परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु प्रकिया निम्नानुसार हैः–

1. सत्र 2025–26 में काउंसलिंग एवं मैनेजमेंट कोटा के माध्यम से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं हेतु नामांकन एवं परीक्षा फार्म भरे जाने प्रकियाः–

(क) संस्थान में सत्र 2025–26 में नव प्रवेशित छात्र / छात्राओं की नामांकन कम परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की ई0आर0पी0 पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से छात्र–छात्रओं की समस्त सूचनाएं (विद्यार्थी की व्यक्तिगत एवं अकादमिक सूचना) शैक्षिक और आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ भरी जानी हैं। यह नामांकन प्रकिया दिनांक–30 सितम्बर, 2025 से दिनांक–10 अक्टूबर, 2025 तक अनिवार्य रूप से किया जाना है।

(ख) **उक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक यदि संस्थान में नव प्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन कम परीक्षा फार्म संस्थान द्वारा नहीं भराये जाते हैं तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान होगी।**

(ग) नामांकन प्रकिया के समय संबंधित छात्र / छात्रा(ओं) को विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल पर नामांकन हेतु आवश्यक प्रकिया तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा। छात्र / छात्राओं द्वारा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क0सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | बी0फार्म0 पाठ्यक्रम छोड़कर अन्य सभी स्नातक पाठ्यक्रमो हेतु परीक्षा शुल्क | 7500 / – |
| 2. | परास्नातक पाठ्यक्रम हेतु परीक्षा शुल्क | 10,000 / – |

2. सत्र 2025–26 में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन दिनांक–05.10.2025 से दिनांक–15.10.2025 तक अनिवार्य रूप से करवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के संबंध में विश्वविद्यालय के वेरीफाइयर द्वारा अंकित की जाने वाली समस्त प्रविष्टियां संस्थान की लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी और उन प्रविष्टियों को पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड किया जाना होगा।

संस्थान में सत्र 2025–26 में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म की हार्ड कापी सत्यापन के उपरान्त तीन कार्य दिवस में विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने का कष्ट करें। यदि उक्त निर्धारित अवधि में संस्थान द्वारा नामांकन फार्म की हार्ड कापी छात्र/छात्रा के मूल माईग्रेशन के साथ विश्वविद्यालय में जमा नहीं की जाती है और किसी भी प्रकार की विरोधाभाष की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी।

कृपया तद्नुसार अवगत होते हुए कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(केशव सिंह)
का0 कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव(नामांकन), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(केशव सिंह)
का0 कुलसचिव